समाचार

शहर की स्वच्छता व बेहतर सफाई प्रबंधन हमारा प्रथम दायित्व–आयुक्त

(निगम करेगा बेहतर व नवीन स्वच्छता मैकेनिज्म पर कार्य, वार्डवार हुई अधिकारियों की तैनाती, स्वच्छता के सभी बिन्दुओं पर रखेंगे नजर)

(आयुक्त श्री प्रभाकर पाण्डेय ने ली अधिकारियों, अभियंताओं, स्वच्छता पर्यवेक्षकों, सफाई कार्य एजेंसियों की बैठक)

कोरबा 10 मार्च 2022 – आयुक्त श्री प्रभाकर पाण्डेय ने आज निगम के अधिकारियों का मार्गदर्शन करते हुए कहा है कि शहर की स्वच्छता एवं बेहतर सफाई प्रबंधन हमारा प्रथम दायित्व होना चाहिए, साफ–सुथरे शहर से ही उसकी विशिष्ट पहचान बनती है। उन्होने कहा कि स्वच्छता के क्षेत्र में अपने कोरबा शहर को उच्च पायदान पर पहुंचाने का हम सबका सपना होना चाहिए तथा उस सपने को साकार करने के लिए पूरी इच्छाशक्ति व समर्पण की भावना के साथ कार्य करने का जज्बा भी। वहीं नगर निगम कोरबा अब बेहतर व नवीन स्वच्छता मैकेनिज्म पर कार्य करेगा। आयुक्त श्री पाण्डेय ने इस हेतु वार्डवार अधिकारियों की तैनाती की है, जो स्वच्छता के सभी बिन्दुओं पर नजर रखेंगे।

आयुक्त श्री प्रभाकर पाण्डेय ने आज नगर पालिक निगम कोरबा के मुख्य प्रशासनिक भवन साकेत स्थित सभागार में निगम के अभियंताओं, अधिकारियों, स्वच्छता निरीक्षकों, पर्यवेक्षकों, एस.एल.आर.एम.सेंटर्स की सुपरवाईजरों तथा स्वच्छता कार्य एजेंसियों की एक महत्वपूर्ण बैठक लेकर निगम की साफ–सफाई व्यवस्था व स्वच्छ सर्वेक्षण 2022 के संदर्भ में की जा रही तैयारियों की समीक्षा की। इस मौके पर निगम के अपर आयुक्त श्री खजांची कुम्हार के साथ समस्त जोन कमिश्नर भी उपस्थित थे। बैठक के दौरान आयुक्त श्री पाण्डेय ने अधिकारियों का मार्गदर्शन करते हुए कहा कि निगम के सभी अधिकारी कर्मचारियों को आपसी समन्वय

बनाकर कार्य करना अत्यंत आवश्यक है, कोई भी अधिकारी कर्मचारी निगम की किसी एक शाखा का नहीं बल्कि वह निगम का अधिकारी कर्मचारी है तथा निगम के सभी कार्यो की जिम्मेदारी, उसकी अपनी जिम्मदारी है। उन्होने कहा कि निगम प्रदत्त सेवाओं को पूर्ण क्वालिटी एवं तय समयसीमा में लोगों को उपलब्ध कराना आप सबका प्रमुख उद्देश्य होना चाहिए। उन्होने कहा कि जहॉ तक निगम की सफाई व्यवस्था का प्रश्न है तो व्यवस्थाओं में काफी सुधार आया है किन्तु अभी भी बहुत कुछ करना बांकी हैं।

निगम का बेहतर स्वच्छता मैकेनिज्म तैयार, वार्डवार दी गई जिम्मेदारी– नगर निगम कोरबा अब स्वच्छता के बेहतर एवं नवीन मैकेनिज्म पर साफ–सफाई कार्य करेगा। आयुक्त श्री प्रभाकर पाण्डेय ने निगम के अधिकारियों, अभियंताओं व कर्मचारियों की वार्डवार तैनाती कर उन्हें अपने–अपने वार्डो में स्वच्छता के सभी बिन्दुओं पर नजर रखने, नियमित रूप से मानीटरिंग करने तथा बेहतर साफ–सफाई व्यवस्था सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए हैं। उन्होने कहा है कि अधिकारी कर्मचारी अपने निर्धारित वार्डो में प्रतिदिन सुबह भ्रमण कर सफाई कार्यो का निरीक्षण करेंगे तथा प्रतिदिन अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगे।

स्वच्छ सर्वेक्षण की तैयारियों की समीक्षा– बैठक के दौरान आयुक्त श्री पाण्डेय ने स्वच्छ सर्वेक्षण 2022 के संदर्भ निगम द्वारा की जा रही तैयारियों की समीक्षा की। उन्होने डोर–टू–डोर अपशिष्ट संग्रहण, अपशिष्ट का स्त्रोतपृथकीकरण, एस.एल.आर.एम.सेंटर की व्यवस्थाओं एवं चिन्हित 17 प्रकार के अपशिष्टों का पृथकीकरण, सी.एण्ड डी.वेस्ट का प्रबंधन, वार्डो में सौदर्यीकरण कार्य, रोड स्वीपिंग एवं ड्रेन क्लिनिंग, नाईट स्वीपिंग, प्रतिबंधित प्लास्टिक पर कार्यवाही, व्यवसायिक क्षेत्रों व सार्वजनिक स्थानों में दो बार स्वीपिंग, जी.व्ही.पी.प्वाइंट का चिन्हाकन समापन व सौदर्यीकरण, लीटरबिन्स स्थापना आदि सहित विभिन्न बिन्दुओं की समीक्षा करते हुए इन पर की जा रही तैयारियों को अंतिम रूप देने के निर्देश दिए।

सफाई कार्य एजेंसियॉ जिम्मेदारी से कार्य करें–बैठक में उपस्थित सफाई कार्य एजेंसियों के प्रतिनिधियों, सफाई ठेकेदारों को दिशा निर्देश देते हुए आयुक्त श्री प्रभाकर पाण्डेय ने कहा कि वे सफाई संबंधी कार्यो को पूरी निष्ठा व जिम्मेदारी के साथ निर्धारित मानदण्डों के अनुरूप कराया जाना सुनिश्चित करें। सफाई ठेकेदार स्वयं नियमित रूप से स्वच्छता कार्यो की मानीटरिंग करें तथा यह सुनिश्चित कराएं कि सफाई कार्य के दौरान उत्सर्जित अपशिष्ट का स्थल से तुरंत उठाव व परिवहन हों, कचरा स्थल पर ज्यादा समय तक पड़ा न रहें, साथ ही यह भी देखें कि जिस स्थल पर सफाई हो रही है, वहॉ पर बेहतर सफाई कार्य करते हुए स्थल की सम्पूर्ण सफाई की जाए।

बैठक के दौरान निगम के अपर आयुक्त खजांची कुम्हार के साथ–साथ जोन कमिश्नर ए.के.शर्मा, आर. के.माहेश्वरी, एन.एन.सरकार, अखिलेश शुक्ला, विनोद शांडिल्य, तपन तिवारी, भूषण उरांव, एन.के.नाथ, स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.संजय तिवारी, सुनील वर्मा, सहायक अभियंता प्रकाश चन्द्रा, राकेश मसीह, राहूल मिश्रा, विवेक रिछारिया, लीलाधर पटेल, एच.आर.बघेल, अरूण बघेल, देवेन्द्र स्वर्णकार, एम.एल.बरेठ, सुनील टांडे, आकाश अग्रवाल, विनोद नेताम, गुलिस्ता साहू, अंजूलता तिग्गा, रमेश सूर्यवंशी सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।